-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 26.03.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **"मुस्कान अभियान" के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जनता के खोये हुए लगभग 06 लाख रुपये अनुमानित कीमत के कुल 30 अदद एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा **"मुस्कान अभियान"** के तहत जनता के खोये हुए मोबाइल के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/समस्त थानों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए जनता के खोए हुए विभिन्न कम्पनियों के लगभग 06 लाख रुपए अनुमानित कीमत के 30 एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद किया गया था। इसी क्रम मे आज दिनांक 26.03.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा सभी मोबाइल फोन को पुलिस लाइन सभागार में उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर सभी ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

बरामदगी:-

- 30 अदद विभिन्न कम्पनियों के एंड्रायड मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये)